ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट


WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, सोमवार 27 मई 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com




## एसएमएस अस्पताल में जटिल सर्जरी, मरीज के पेट से निकाली गई 27 कीलें, सुई और सिक्के



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर. सवाई मानसिंह अस्पताल के चिकित्सकों ने एक जटिल ऑपरेशन को अंजाम देते हुए मरीज के पेट से भारी मात्रा में कीलें, सुई और सिक्के निकाले हैं. अस्पताल के चिकित्सकों ने लैप्रोस्कोपिक गैस्ट्रोस्टॉमी सर्जरी के माध्यम से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया. मामले को लेकर सवाईमान सिंह अस्पताल के प्रवक्ता डॉ मनीष अग्रवाल ने बताया कि 21 वर्षीय रौनक (बदला हुआ नाम), जो मानसिक रोग से पीड़ित है. इसके कारण वह लगातार कील, सुइयां और सिक्के निगल रहा था. मरीज को 6 मई को अलवर से रेफर किया गया. उसे पेट दर्द की शिकायत थी और उनके साथियों ने बताया कि उन्होंने कई नुकीली वस्तुएं निगल ली हैं.

ऑपरेशन करने वाले वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर राजेंद्र मांडिया ने बताया कि जब मरीज हमारे पास पहुंचा, तो हमने एक्स-रे और सीटी स्केन जांचों में पाया कि ज्यादातर वस्तुएं पेट में जमा हैं, जबकि कुछ बड़ी आंतों तक पहुंच गई थी. ऐसे में तुरंत ऑपरेशन का निर्णय लिया गया और एसएमएस में इमरजेंसी ओटी में ऑपरेशन चीरे से न करके दूरबीन से करने का निर्णय लिया गया. यह ऑपरेशन दूरबीन से करना काफी जटिल और चुनौतीपूर्ण था, लेकिन चिकित्सकों ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन को अंजाम दिया. इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व वरिष्ठ प्रोफेसर और यूनिट हेड डॉ. राजेंद्र मांडिया ने किया. उनकी टीम में डॉ. सुभाष ,डॉ. ईशांत कुमार साहू और डॉ. कार्तिक सैनी शामिल थे.

**इस तरह सर्जरी को दिया अंजाम :**

चिकित्सकों का कहना है कि मरीज की मानसिक बीमारी का डायग्नोसिस अब तक नहीं हो पाया है, जिसकी वजह से उन्होंने ऐसी वस्तुएं निगलीं, लेप्रोस्कोपी (दूरबीन) से पेट को खोलकर अंदर की सारी कीलों को निकाला गया और फिर दूरबीन से ही पेट को टांकों की मदद से बंद किया गया. एक कील, जो आंत में पहुंच गई थी बाद में मल के साथ निकल गई. एक सुई को कोलोनोस्कोपी द्वारा निकाला गया. चिकित्सकों का कहना है कि दूरबीन से किए गए ऑपरेशन के बाद मरीज को कम दर्द होता है और संक्रमण का खतरा भी कम होता है. ऑपरेशन के बाद मरीज अब बिलकुल ठीक है और पेट दर्द की शिकायत भी ठीक हो गई है.

## सोशल मीडिया में मोदी पर भारी राहुलःलाइक्स दोगुने, शेयरिंग तीन गुना, व्यूज 21 करोड़ ज्यादा



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट ब्यूरो। फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर नरेंद्र मोदी दुनिया में सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले राजनेता हैं। एक्स (पहले ट्विटर) पर भी ओबामा के बाद उनका दूसरा स्थान है। चारों प्लेटफॉर्म मिलाकर नरेंद्र मोदी के फॉलोअर्स 26 करोड़ से ज्यादा हैं। राहुल गांधी के चारों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मिलाकर 4.7 करोड़ फॉलोअर्स ही हैं। इस इलेक्शन सीजन दोनों की सोशल मीडिया परफॉर्मेंस देखने के लिए हमने 1 अप्रैल से 20 मई तक दोनों के एक्स प्रोफाइल की सभी 1279 पोस्ट की स्टडी की। इलेक्शन एक्सपर्ट अमिताभ तिवारी का कहना है कि 2014 में राहुल गांधी ज्यादातर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नहीं थे। इसका फायदा सीधे तौर पर बीजेपी को मिला। 2019 आते-आते राहुल गांधी और कांग्रेस भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो चुकी थी। 2019 के बाद बीजेपी ने अपना गेम बदल लिया। वो अब पब्लिक सोशल साइट्स के साथ वॉट्सऐप ग्रुप्स पर बड़ी ताकत बन चुकी है। ज्यादातर नैरेटिव की लड़ाई आज भी बीजेपी अपने पक्ष में कर लेती है। इसलिए राहुल की सोशल मीडिया पॉपुलैरिटी का चुनाव में जितना फायदा मिलना चाहिए, उतना नहीं मिल रहा है। पिछले साल मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हुए चुनावों के समय का डेटा देखा तो उस वक्त भी राहुल मोदी की तुलना में काफी आगे थे। इसके बावजूद चुनावी नतीजों पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। पॉलिटिकल स्ट्रैटिजिस्ट प्रशांत किशोर के मुताबिक, लोगों को लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी का सोशल मीडिया पर फुल कंट्रोल है, लेकिन ऐसा नहीं है। राहुल गांधी की पोस्ट पर लोगों का एंगेजमेंट, लाइक और कमेंट मोदी से ज्यादा है। वो अलग बात है कि चुनाव में उन्हें इसका रिजल्ट नहीं मिल रहा। इसकी सबसे बड़ी वजह है कि वे सही मुद्दों को नहीं उठाते हैं।

## दिल्ली सीएम के PA की जमानत याचिका खारिज

### मालीवाल ने कहा था- बिभव का रसूख मंत्रियों जैसा, उसे बेल मिली तो मुझे खतरा



**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली. स्वाति मालीवाल से मारपीट केस में सोमवार 27 मई को अरविंद केजरीवाल के PA बिभव कुमार की जमानत याचिका तीस हजारी कोर्ट ने खारिज कर दी। बिभव ने 25 मई को कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुनवाई के दौरान स्वाति भी कोर्ट में मौजूद रहीं। बिभव के वकील हरिहरन ने सुनवाई के दौरान आरोप लगाया कि जब सेंसिटिव बॉडी पार्ट्स पर चोट के निशान नहीं मिले तो गैर इरादतन हत्या की कोशिश का सवाल ही नहीं है। न ही बिभव का स्वाति को निर्वस्त्र करने का कोई इरादा था। ये चोटें खुद को पहुंचाई जा सकती हैं। बिभव के वकील ने यह भी कहा कि पुराने जमाने में ऐसे आरोप कौरवों पर लगे थे, जिन्होंने द्रौपदी का चीरहरण किया था। स्वाति ने यह FIR पूरी प्लानिंग करके 3 दिन बाद दर्ज कराई है। ये दलीलें सुनकर स्वाति कोर्ट रूम में ही रो पड़ीं। स्वाति ने बताया कि बिभव कोई आम आदमी नहीं है, वह मंत्रियों को मिलने वाली सुविधाएं इस्तेमाल करता है। उसे जमानत मिली तो मुझे खतरा होगा। बिभव के वकील बोले- केवल जमानत मांगी, बरी करने की अपील नहीं की कोर्ट में बिभव के वकील ने कहा कि CM हाउस से CCTV पहले ही बरामद कर लिया गया है, इसलिए उसमें टेम्परिंग या छेड़छाड़ का कोई सवाल ही नहीं है। पुलिस जांच के लिए बिभव पहले दिन से मौजूद रहे हैं। हम केवल जमानत की मांग कर रहे हैं, बरी करने के लिए हमारी अपील नहीं है।

स्वाति का दावा- बिभव की जमानत से मुझे और मेरे परिवार को खतरा स्वाति मालीवाल ने कोर्ट को बताया कि मेरा बयान दर्ज करने के बाद APP नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मुझे BJP का एजेंट कहा गया। उनके पास एक बड़ी ट्रोल मशीनरी है, उन्होंने मशीनरी को पंप किया है। आरोपी को पार्टी के नेता ही मुंबई ले गए। अगर उसे जमानत पर रिहा किया गया तो मुझे और मेरे परिवार को खतरा होगा।

## केजरीवाल की सुप्रीम कोर्ट से अपील- जमानत 7 दिन बढ़ाएं

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com




नई दिल्ली. दिल्ली शराब नीति घोटाला केस में जमानत पर चल रहे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका लगाई है। इसमें उन्होंने मेडिकल कंडीशन के आधार पर जमानत को 7 दिन और बढ़ाने की मांग की है। केजरीवाल को ED ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल की 21 दिन की जमानत 1 जून को खत्म हो रही है। आम आदमी पार्टी के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल का वजन 7 किलो कम हो गया है और उनका कीटोन लेवल हाई है, जो किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। ED के केस में जेल जाने के 50 दिन बाद सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी थी। केजरीवाल को 10 मई को दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया था। पार्टी बोली- डॉक्टर ने टेस्ट करवाने कहा, इसके लिए वक्त चाहिए आम आदमी पार्टी ने यह भी कहा कि डॉक्टरों ने अरविंद केजरीवाल को पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी और कंप्यूटेड टोमोग्राफी (PET-CT) स्कैन और कुछ दूसरे मेडिकल टेस्ट कराने की सलाह दी थी, जिसके कारण केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग की है। जेल में रहते हुए उनका शुगर लेवल भी लगातार चर्चा का विषय बना हुआ था। केजरीवाल और उनकी पार्टी ने यह दावा भी किया था कि उन्हें इंसुलिन नहीं दी जा रही है।

## बांध में डूबने से देवरानी-जेठानी की मौतःकपड़े धोने के बाद नहाने उतरी थी, एक की 3 महीने पहले हुई थी शादी

**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर. बांध में कपड़े धोने के बाद नहाने उतरी देवरानी-जेठानी गहरे पानी में डूब गई। आसपास कपड़े धो रही अन्य महिलाओं के चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो गई। हादसा सोमवार दोपहर करीब 1



उर्मिला



जसोदा

बजे डूंगरपुर के सरोदा थाना क्षेत्र के गड़ावासन एनिकट (बांध) पर हुआ। देवरानी की शादी तो 3 महीने पहले ही हुई थी। सरोदा थाना एएसआई नरेंद्र सिंह ने बताया- गड़ावासन गांव की रहने वाली 2 महिलाएं कपड़े धोने गई थी। देवरानी उर्मिला (23) पत्नी महेंद्र कलासुआ और उसकी जेठानी जसोदा (26) पुत्र राजेंद्र कलासुआ दोनों सोमवार दोपहर गड़ावासन बांध में कपड़े धोने गई। कपड़े धोने के बाद दोनों बांध में नहाने उतर गई। इस दौरान दोनों गहरे पानी में चली गई, जिससे दोनों डूबने लगी। उनकी बचाने-बचाने की आवाज सुनकर बांध के बाहर कपड़े धो रही दूसरी महिलाएं चिल्लाई। जिस पर आसपास के लोग दौड़कर आए। वहीं, गांव के लोग भी पहुंच गए, लेकिन तब तक दोनों पानी के गहराई में डूब गई थी।

## सेक्स स्कैंडल के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना ने VIDEO जारी किया

### कहा- 31 मई को SIT के सामने पेश होऊंगा, मुझ पर लगे सभी आरोप झूठे



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट ब्यूरो। कर्नाटक में सेक्स स्कैंडल के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना ने सोमवार को कहा- 'मैं 31 मई को SIT के सामने पेश हो जाऊंगा। मेरे खिलाफ लगे सभी आरोप झूठे हैं। मुझे अदालत पर भरोसा है और विश्वास है कि मैं अदालत के जरिए झूठे मामलों से बाहर आऊंगा।' प्रज्वल का यह बयान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और उनके दादा की गुरुवार 23 मई को दी चेतावनी के 3 दिन बाद आया। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि वे भारत लौट आएं और जांच का सामना करें। उन्होंने यह दावा भी किया कि इस मामले की जांच में उनके और उनके परिवार की तरफ से कोई दखलंदाजी नहीं की जाएगी। प्रज्वल के खिलाफ 3 महिलाओं के उत्पीड़न के 3 मामले दर्ज हैं। वे 26 अप्रैल को लोकसभा की वोटिंग के बाद जर्मनी चले गए थे, तब से उनका कोई पता नहीं है। प्रज्वल हासन लोकसभा सीट से JDS के उम्मीदवार हैं।

**प्रज्वल ने कहा- अपने माता-पिता, दादा से माफी मांगता हूं**

प्रज्वल ने कन्नड़ टीवी चैनल को भेजे एक वीडियो में कहा, 'नमस्कार, मैं सबसे पहले अपने माता-पिता, अपने दादा, कुमारस्वामी और अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और राज्य के लोगों से माफी मांगता हूं। मैंने यह नहीं बता रहा हूं कि मैं कहां हूं। जब (अप्रैल) 26 तारीख को चुनाव हुए, तो मुझ पर कोई केस नहीं था। तब कोई SIT नहीं बनी थी, मेरी विदेश यात्रा पहले से तय थी, इसलिए मुझे यूट्यूब और समाचारों के माध्यम से इसके बारे में पता चला, फिर मेरे एक्स अकाउंट के माध्यम से मुझे SIT का नोटिस भी दिया गया पेश होने के लिए 7 दिन का समय है। भगवान, लोगों और परिवार का आशीर्वाद मुझ पर बना रहे। आने के बाद मैं यह सब खत्म करने की कोशिश करूंगा। मुझ पर विश्वास रखें।'

# हादसे से पहले शेयर किया वीडियो, 4 की मौत

## 120 की स्पीड में दौड़ाई स्कॉर्पियो; दोस्त ने कहा था- आराम कर लेना



**24 न्यूज़ अपडेट**

सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर). । 120 की स्पीड से स्कॉर्पियो दौड़ाने का वीडियो लोकेश उर्फ लक्की की जिंदगी का अंतिम वीडियो बन गया। वो अपनी पत्नी, 6 साल की बेटी, दोस्त और उसकी पत्नी के साथ खाटूश्यामजी और सालासर के धोक लगाने निकला था। कार की स्पीड का वीडियो उसने हादसे से कुछ ही देर पहले ही इंस्टाग्राम पर शेयर किया था। उसे क्या पता था कि वह लास्ट रील अपलोड कर रहा है। इससे पहले दोस्त ने स्टेट्स देखकर उससे कहा था- रात से ड्राइवर कर रहे हो, इसलिए आराम कर लेना, जल्दबाजी मत करना। दरअसल, श्रीगंगानगर का रहने वाला लोकेश गुरेजा (37) अपनी पत्नी व 6 वर्षीय बेटी और दोस्त गगनदीप (36) व उसकी पत्नी के साथ शनिवार रात को घर से निकला था। सीकर में खाटूश्यामजी और चूरू में सालासर बालाजी के धोक लगाने का प्लान था। इन सभी ने दोनों जगह दर्शन भी किए, लेकिन वापस लौटते समय एक्सीडेंट हो गया। जिसमें लोकेश उसकी पत्नी-बेटी और दोस्त की मौत हो गई। दोस्त गगनदीप की प्रेग्नेंट पत्नी गंभीर घायल हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो पूरी तरह चकनाचूर हो गई। शीशों और खिड़कियों को तोड़कर घायलों और शवों को बाहर निकाला गया।

### दोस्त ने आराम करने को कहा तो नहीं माने

श्रीगंगानगर के रहने वाले सुनील ने बताया- गगनदीप चावला मेरे बहनोई की वर्कशॉप पर काम करता था। वह हमेशा मेरे साथ ही टूर पर जाता था। पहली बार उसके बिना खाटूश्याम जी के दर्शन करने गया था। रविवार दोपहर को व्हाट्सएप स्टेट्स को देखकर उसे कॉल किया था। शनिवार रात को घर से निकलने के बाद बिना आराम किए लगातार चल रहे थे। इस पर मैंने कहा था कि गर्मी बहुत पड़ रही है। रात से ड्राइवर कर रहे हो, इसलिए आराम कर लेना, जल्दबाजी मत करना। इसके बाद भी बिना आराम किए खाटू से सालासर के दर्शन करने निकल गए थे। फिर वहां से बिना आराम किए ही श्रीगंगानगर के लिए निकल गए थे। सुनील ने दबी आवाज में कहा- नींद की झपकी आने से हादसा हुआ है। काश! वे लोग सलाह मान लेते और कुछ घंटे आराम करने के बाद घर के लिए रवाना होते, मगर ऐसा हो ना सका।

### सीमेंट के ट्रेलर में घुसी स्कॉर्पियो

सूरतगढ़ थाना SI हरबंस लाल ने बताया- स्कॉर्पियो में 5 लोग सवार थे। गगनदीप (36) पुत्र मदनलाल अपनी पत्नी प्रोमिला, दोस्त लोकेश गुरेजा (37) उसकी पत्नी अनु गुरेजा व 6 वर्षीय बेटी के साथ शनिवार रात करीब 9 बजे श्रीगंगानगर से सीकर के लिए रवाना हुए थे। इन सभी ने रविवार की सुबह खाटूश्यामजी के दर्शन किए। यहां से रवाना होकर रविवार शाम को चूरू में सालासर बालाजी के दर्शन किए थे। इसके बाद श्रीगंगानगर के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान सूरतगढ़ पहुंचने के बाद श्रीसीमेंट फांटे के पास NH-62 पर रविवार शाम करीब 6.30 बजे सीमेंट से भरे ट्रेलर में स्कॉर्पियो घुस गई।

### लोगों ने शीशे और गेट तोड़कर बाहर निकाला

भिड़ंत इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। तेज धमाके की आवाज सुनकर पहुंचे आसपास लोगों और राहगीरों ने कार सवारों को बचाने का प्रयास किया। सेंट्रल लॉक होने और कार के पिचक जाने से गेट नहीं खुल पाए। ऐसे में लोगों ने अन्य वाहनों की सहायता से गेट व शीशों को तोड़कर सभी को बाहर निकाला। एंबुलेंस की मदद से सभी को श्रीगंगानगर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां गनदीप, लोकेश गुरेजा उसकी पत्नी अनु गुरेजा व 6 वर्षीय बेटी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गगनदीप की प्रेग्नेंट पत्नी प्रोमिला को गंभीर हालत में बीकानेर रेफर किया गया।

### ट्रेलर ड्राइवर और 3 युवकों ने किया बचाने का प्रयास

हादसे के बाद पास ही स्थित ढाणी के 3 युवकों और ट्रक ड्राइवर ने घायलों को निकालने का हर संभव प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शी कालूराम छीपा, सुनील छीपा और अजय कुकणा ने बताया कि धमाके की आवाज सुनते ही सड़क पर देखा कि एक स्कॉर्पियो, ट्रक में पीछे से टकरा गई है। ट्रक ड्राइवर ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो की खिड़कियां खोलने की कोशिश की। लेकिन नहीं खुलने पर लोहे की रॉड लाकर खोलने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद सेंटर लॉक हो जाने के कारण और खिड़कियों को अन्य वाहन चालकों की मदद से तोड़कर घायलों को बाहर निकाला गया।

### 4KM दूर सीमेंट फैक्ट्री से नहीं आई एंबुलेंस

प्रत्यक्षदर्शी युवकों ने बताया कि टक्कर के तुरंत बाद उन्होंने मदद के लिए पास ही 4 किमी की दूरी पर स्थित श्रीसीमेंट फैक्ट्री की एंबुलेंस को तुरंत सूचना दी। लेकिन वे उच्चाधिकारियों से बात करने के लिए कहते रहे। इसी बीच राजियासर व सूरतगढ़ से एंबुलेस मौके पर पहुंची। ट्रक ड्राइवर सीमेंट भरकर फैक्ट्री की तरफ से हाईवे पर करीब 50 मीटर चलने के बाद ही यह हादसा हो गया।

### प्राइवेट टीचर थी महिला, पति परिवार का इकलौता बेटा

लोकेश श्रीगंगानगर में पुरानी आबादी का निवासी था। वहीं गगनदीप श्रीगंगानगर की सेतिया फॉर्म कॉलोनी का रहने वाला था। गगनदीप सिंह कुछ साल पहले सूरतगढ़ के ही वार्ड नंबर 28 में रहता था। हादसे के बाद पुरानी आबादी शक्ति नगर गली नंबर 1 में रविवार रात हादसे के बाद सन्नाटा पसरा था। पड़ोसी डॉ. कृष्ण कुमार आशु ने बताया कि लोकेश गुनेजा, उसकी पत्नी अनू व 6 साल की मासूम बेटी इसी गली में रहते थे। शनिवार को यह परिवार खुशी-खुशी रवाना हुआ था। रविवार शाम तक सब खत्म हो गया। मृतका अनू प्राइवेट स्कूल में टीचर थी। सालासर धाम खाटू श्यामजी से लौटते समय रास्ते में कई जगह उन्होंने यात्रा की वीडियो भी बनाई थी। लोकेश दो बहन भाइयों में छोटा था।

## अनंत-राधिका के प्री-वेडिंग फंक्शन के लिए क्रूज बदला गया

**पार्किंग प्रॉब्लम के चलते मियामी नहीं, माल्टा से लाया गया क्रूज; 12 विमानों से इटली पहुंचेंगे 800 गेस्ट**




**24 न्यूज़ अपडेट**

मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की जुलाई में शादी होनी है। इससे पहले दूसरी प्री-वेडिंग सेरेमनी 28 मई से 30 मई के बीच होगी। ये इटली और फ्रांस के बीच समंदर में क्रूज पर सफर करते होगी।

पहली प्री-वेडिंग सेरेमनी 1 मार्च से 3 मार्च के बीच हुई थी। जगह थी जामनगर में रिलायंस कंपनी के एनिमल रेस्क्यू सेंटर 'वनतारा'। बताया जाता है कि इस इवेंट पर 1250 करोड़ खर्च हुआ था।

सेकंड प्री-वेडिंग सेरेमनी जिस क्रूज पर होगा उसका नाम 'सेलिब्रिटी एसेंट' है। ये माल्टा में बना है। ये 28 मई को इटली के पालेर्मो पोर्ट से रवाना होगा और 4380 किलोमीटर का सफर कर सदर्न फ्रांस पहुंचेगा सूत्रों के मुताबिक अंबानी परिवार मियामी से क्रूज मंगवाने वाला था। लेकिन फ्रांस में उस क्रूज को पार्क करने में दिक्कत आती। इसलिए अब मियामी की जगह माल्टा से 'सेलिब्रिटी एसेंट' क्रूज मंगवाया गया है। ये क्रूज 5-स्टार सुविधाओं वाला तैरता हुआ रिसोर्ट है। इसे 1 दिसंबर 2023 को माल्टा में लॉन्च किया गया है।

## पंडित नेहरू ने दिया राष्ट्र और संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को स्थायी भाव : पंकज शर्मा



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न एवं प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि पर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं कांग्रेस मीडिया सेंटर के अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा ने रक्षाबंधन धानमंडी स्थित कांग्रेस मीडिया सेंटर पर दीप प्रज्वलित कर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। शर्मा ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि 1950 में भारत का संविधान लागू होने के बाद पंडित नेहरू ने देश में वृहद स्तर पर आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक सुधारों हेतु विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने योजना आयोग का गठन किया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास को प्रोत्साहित किया और पंचवर्षीय एवं अनेक बहुउद्देशीय योजनाओं का शुभारंभ कर देश को विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। उनकी नीतियों के कारण देश में कृषि और औद्योगिक क्षेत्र में एक नये युग की शुरूआत हुई। नेहरू ने शांति एवं अहिंसा के सिद्धांतों पर चलते हुए भारत की विदेश नीति के विकास में एक अहम भूमिका निभायी। नेहरू ने अपने कार्यकाल में लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करना, राष्ट्र और संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को स्थायी भाव प्रदान करना और योजनाओं के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को सुचारु करना उनके मुख्य उद्देश्य रहे। आज हम देश में विभिन्न क्षेत्रों में जो प्रगति देख रहे हैं वह पं. नेहरू की दूरगामी सोच का ही परिणाम है।

## राजस्थान कज़्ज़ाक कुरेश संघ की राज्य स्तरीय चयन स्पर्धा संपन्न




**24 न्यूज़ अपडेट**


24 न्यूज अपडेट उदयपुर। राजस्थान कज़्ज़ाक कुरेश संघ की ओर से स्वर्गीय उस्ताद गणेश राजोरा की स्मृति में उस्ताद लक्ष्मण सिंह व्यायाम शाला स्वरूप सागर (अर्जुन उस्ताद अंतरराष्ट्रीय कुश्ती हाल) उदयपुर में 27 मई को राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु राजस्थान टीम का चयन किया गया। संघ के अध्यक्ष के.के.शर्मा द्वारा प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया। आयोजन सचिव डॉ धर्मेंद्र राजोरा ने बताया कि स्पर्धा में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सुधीर बक्शी, राजस्थान कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष उस्ताद मांगीलाल कटारिया, भाजपा के शहर जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र भंडारी, मोहम्मद शरीफ छिपा, दीपक राजोरा, भारत राजोरा , प्रकाश राजोरा, मोहिनिस राजोरा, महेंद्र राजोरा, महेश कुमावत, ब्रज कुमावत आदि लोग उपस्थित थे। राजस्थान कज़्ज़ाक कुरेश संघ के महासचिव शकील हुसैन ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 7 से 9 जून 2024 को चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में निर्णायक का कार्य राष्ट्रीय निर्णायक सतीश चौधरी एवं जूडो प्रशिक्षक चाहत जैन ने किया। यह जानकारी महासचिव शकील हुसैन ने दी।

# पाकिस्तान बॉर्डर पर बीएसएफ जवान की लू से मौत, फलोदी में तापमान 51, देश का सबसे गर्म शहर, उदयपुर 45 डिग्री

**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. नई दिल्ली। नौतपा कहर बरपा रहा हैं। जानलेवा बन रहा हैं। गर्मी असहीनय हो गई है। नौतपा के पहले दिन फलौदी का तापमान 50 डिग्री था मगर आज तापमान सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 51 डिग्री पर पहुंच गया। इधर, सोमवार को जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान की सीमा पर तैनात बीएसएफ के एक जवान की लू लगने से मौत हो गई। अजमेर के केकड़ी में 80 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। राजस्थान में 4 दिन में गर्मी से मरने वालों की संख्या 27 हो चुकी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन के लिए राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में भीषण हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। इस बीच देर रात बंगाल के तट से तूफान रेमल टकराया। करीब 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। कोलकाता में तेज आंधी-बारिश के चलते कई जगह पेड़ उखड़ गए, घरों को भी नुकसान हुआ है। जहाजों और विमानों के साथ सेना, नौसेना और कोस्ट गार्ड टीम भी इमरजेंसी के लिए मुस्तैद की गई थीं। इससे पहले प्रशासन ने बंगाल के तटीय इलाकों से करीब 1.10 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेज दिया था।




## अभी का तापमान

जयपुर 46 डिग्री, उदयपुर 45 डिग्री, कोटा 48 डिग्री, बीकानेर 49, चूरू 47 डिग्री, जैसलमेर 48 डिग्री, जोधपुर 47 डिग्री, अजमेर 45.8 डिग्री

**राज हीटवेव अलर्ट : 27 मई**

आगामी 24 घंटों में राज्य में अधिकतम तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। राज्य में चल रहे तीव्र हीटवेव तथा ऊष्णरात्रि का दौर आगामी 2-3 दिन जारी रहने की प्रबल संभावना है।

आगामी 72 घंटों के दौरान जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर संभाग के कुछ भागों में तेज सतही हवाएँ (आंधी) 25-35 Kmph चलने की संभावना है।

29 मई से पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में व 30 मई से पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री गिरावट होने की संभावना है।



# कैदी ने सुनवाई के दौरान जज पर फेंकी चप्पल:कोर्ट में अगली तारीख मिलने पर भड़का; चोरी के केस में दो साल से जेल में है बंद

**24 न्यूज अपडेट**

भीलवाड़ा. भीलवाड़ा कोर्ट में सोमवार को एक विचाराधीन बंदी ने सुनवाई के दौरान मजिस्ट्रेट पर चप्पल फेंक दी। कोर्ट में चोरी के मामले में कैदी की जमानत पर सुनवाई चल रही थी। इस बीच जज ने मामले में अगली तारीख दी, लेकिन कैदी ने आज फैसला सुनाने की मांग। इसके बाद कैदी भड़क गया और उसने जज के ऊपर अपनी चप्पल फेंक दी, जो जज के हाथ पर जाकर लगी। घटना के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद बंदी को तुरंत कोतवाली पुलिस ने पकड़ लिया। मामला भीलवाड़ा की एसीजेएम कोर्ट 1 से जुड़ा है, जहां सोमवार की दोपहर करीब 1:30 बजे मजिस्ट्रेट रूपेंद्र सिंह की कोर्ट में यह घटना हुई। जज से कहा- फैसला आज सुनाओ कोतवाली थानाधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि मजिस्ट्रेट में आइपीसी की धारा 357, 487 में पिछले 2 साल से जेल में बंद इस्माइल उर्फ पोंडिया की सुनवाई चल रही थी। वह चोरी के मामले में बंद है। दोपहर करीब 1:30 बजे मजिस्ट्रेट रूपेंद्र सिंह के स्माइल उर्फ पोंडिया को सुनवाई के लिए पेश किया गया। सुनवाई के बाद मजिस्ट्रेट ने अगली तारीख दी, तो इस्माइल गुस्से में आ गया और उसने मजिस्ट्रेट से आज ही फैसला सुनाने की मांग की। इसके बाद पेशकार और एडवोकेट कागजातों को लेकर मजिस्ट्रेट से बातचीत करने लगे। इसी बीच अचानक इस्माइल ने अपनी चप्पल उतारी और मजिस्ट्रेट पर फेंक दी, जो उनके हाथ पर जाकर लगी। हालांकि घटना के बाद कोर्ट में अफरा तफरी मच गई। अन्य एडवोकेट और पुलिसकर्मी तुरंत कोर्ट पहुंचे और उन्होंने आरोपी इस्माइल को डिटेन किया। इस संबंध में इस्माइल के खिलाफ कोतवाली पुलिस में एक और मामला दर्ज करवाया गया है। आरोपी इस्माइल पहले भी एक महिला जज पर चप्पल फेंकने का प्रयास कर चुका है। हालांकि उस समय आरोपी चप्पल फेंक पाता, उससे पहले ही चालानी गार्ड ने उसे रोक दिया था।



### एडवोकेट्स ने जताई नाराजगी, न्याय प्रणाली पर बताया हमला

कोर्ट परिसर में हुए घटनाक्रम पर अन्य अधिवक्ताओं ने नाराजगी जाहिर की है। घटनाक्रम पर वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक जैन ने कहा- कोर्ट में आज जो घटना हुई, वो निंदनीय है। युवक ने मजिस्ट्रेट पर नहीं, न्याय प्रणाली पर हमला किया है। जजों को सुरक्षा मुहैया करवाई जानी चाहिए। हालांकि जैन ने सिस्टम पर भी सवाल उठाए है। उनका कहना है कि चोरी के मामले में 45 से 50 डिग्री का टेम्प्रेचर में एक व्यक्ति को जेल में 2 साल तक रखा जाता है। जिससे वो कहीं ना कहीं आवेशित हो जाता है और मजिस्ट्रेट पर चप्पल फेंकने का दुस्साहस तक देता है। ऐसे मामलों में हमें आत्म मंथन करने की आवश्यकता है। उन्होंने सिस्टम की खामियों को दूर करने की आवश्यकता जताई।

# बाइक पर 5 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा ले जाते दो जने गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर योगेश गोयल द्वारा अवैध मादक पदार्थो की धरपकड हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गोपाल स्वरूप मेवाडा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण व राजेन्द्र सिंह राठौड वृताधिकारी वृत कोटडा के सुपरविजन में उतमसिंह इंचार्ज थाना बेकरिया मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये आज नाकाबंदी में घाटा रोड पर एक मोटरसाईकिल पर नूर मोहम्मद पिता गफुर खान निवासी मस्जिद गली रोहीडा थाना रोहीडा जिला सिरोही हाल बिकरणी थाना माण्डवा जिला उदयपुर व इकबाल पिता अनवर खान उम्र 44 साल निवासी बिकरणी थाना माण्डवा जिला उदयपुर को 5 किलो 50 ग्रांम अवैध गांजे के साथ गिरफतार किया गया। थाना बेकरिया पर प्रकरण एनडीपीएस एक्ट में दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# 2 साल पहले पुलिस पर पत्थर फेंक भागे थे 3 बदमाश, आज पकड़े गए



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। रतन सोनी हत्याकांड के 2 साल के बाद पुलिस ने पथराव करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में आज सफलता हासिल की है। पथराव 1 जून 2022 को कर्फ्यू के दौरान कानून व्यवस्था की ड्यूटी कर रहे पुलिस के जवानों पर किया गया था। इस मामले में 20 लोगों को आरोपी बनाया गया था। आज ये तीनों आरोपी अपने ही मोहल्ले में आराम फरमाते मिल गए। बताया गया कि 31 मई 2022 को रतन सोनी पर हमला किया गया। रतन को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से उदयपुर रेफर कर दिया गया। बीच रास्ते में रतन सोनी की मौत हो गई। अगले दिन 1 जून को चित्तौड़गढ़ शहर बंद रहा। गिरफ्तारी की मांग को लेकर हिंदू संगठनों ने पथराव करने वालों को पकडने की मांग की। कर्फ्यू में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया था। इस बीच लोहार मोहल्ले ने कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल खराब किया जा रहा था। जाप्ता गया तो उस पर भी पथराव कर दिया। कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें आई। राजकार्य में बाधा डालने का मामला बना। इसी मामले में 2 साल बाद पुलिस ने लोहार मोहल्ले से अल्ताफ पुत्र अहमद हुसैन, इकबाल पुत्र गुल मोहम्मद लोहार और मोहम्मद शब्बीर पुत्र अल्लानूर लोहार को गिरफ्तार किया। अब भी इमरान, रुकैया बानो पत्नी निसार, सलमा पत्नी रफीक, बबलू उर्फ मुस्तकीम पुत्र मोहम्मद सलीम, हसीना पत्नी शरीफ इंदौरी और शरीफ इंदौरी सहित कई लोगों की गिरफ्तार बाकी है।

# पुणे पोर्श केस-नाबालिग के पिता ने ब्लड सैंपल बदलवाया

## शराब की बात छिपाने के लिए घूस दी, सैंपल डस्टबिन में फिंकवाया; डॉक्टरों समेत 3 गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

पुणे । पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में सोमवार (27 मई) सुबह क्राइम ब्रांच ने दो डॉक्टर्स समेत तीन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अरेस्ट किए गए ससून जनरल हॉस्पिटल के फोरेंसिक डिपार्टमेंट के हेड डॉ. अजय तावरे और डॉ. श्रीहरि हैलनोर पर नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल बदलने का आरोप है। तीसरे आरोपी का नाम अतुल घटकांबले है। उस पर आरोप है कि उसने डॉक्टरों की मदद की।

पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल ने डॉक्टरों को ब्लड सैंपल बदलने के लिए घूस दी थी। डॉक्टरों ने ओरिजिनल ब्लड सैंपल डस्टबिन में फेंककर किसी अन्य शख्स का सैंपल लेकर रिपोर्ट बनाई, जिससे नाबालिग के नशे में होने की बात छिपाई जा सके।

पुलिस ने नाबालिग के पिता के खिलाफ धोखाधड़ी, क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी और सबूतों से छेड़छाड़ का केस भी दर्ज किया है। इससे पहले उसके खिलाफ जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत बच्चे पर ध्यान न देने का मामला दर्ज हुआ था।

पुणे कोर्ट ने 24 मई को विशाल अग्रवाल को 7 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। हालांकि, ड्राइवर के किडनैपिंग केस में आज पुलिस ने विशाल अग्रवाल की कस्टडी अपने पास लेने के लिए कोर्ट से इजाजत ले ली है।

### पुलिस बोली- ससून अस्पताल के डॉक्टर ने कबूली थी सैंपल बदलने की बात

पुलिस ने कहा कि घटना के बाद हमने नाबालिग के एल्कोहॉल ब्लड टेस्ट 2 अलग-अलग अस्पताल में कराए थे। ससून अस्पताल में कराई गई जांच में रिपोर्ट निगेटिव आई थी, लेकिन दूसरे अस्पताल से मिली रिपोर्ट से उसके नशे में होने की पुष्टि हुई थी। पब के CCTV में भी वह शराब पीते दिखा था। अमितेश कुमार ने कहा कि दूसरे अस्पताल से रिपोर्ट आने के बाद हमें ससून अस्पताल की रिपोर्ट पर शक हुआ था। पूछताछ करने पर डॉक्टर हैलनोर ने सैंपल बदलने की बात को स्वीकार किया। सबूत के लिए नाबालिग आरोपी के बंगले, बार, एक्सीडेंट साइट और हॉस्पिटल के पास लगे कुल 150 कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस उस शख्स की भी तलाश कर रही है, जिसके सैंपल से नाबालिग की रिपोर्ट बनाई गई थी। गिरफ्तार किए गए दोनों डॉक्टरों को आज दोपहर शिवाजीनगर कोर्ट में पेश किया जाएगा। मामले में अब तक कुल 10 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।

### पोर्श के रिप्रेजेंटेटिव्स ने कार का इंस्पेक्शन किया

सोमवार को पोर्श के कुछ रिप्रेजेंटेटिव्स ने यरवदा पुलिस स्टेशन पहुंचकर कार का टेक्निकल इंस्पेक्शन किया। 19 मई को हादसे के बाद पुलिस ने कार को पुलिस स्टेशन में रख लिया था। पोर्श के रिप्रेजेंटेटिव्स की टीम के साथ रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस के अधिकारी भी मौजूद हैं।

### अब तक कुल 9 लोग गिरफ्तार

मामले में आरोपी के दादा सुरेंद्र अग्रवाल, पिता विशाल अग्रवाल और 2 डॉक्टरों समेत अब तक कुल 9 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इनमें पब का मालिक, 2 मैनेजर और 2 स्टाफ भी शामिल हैं। इनकी पहचान कोजी रेस्टोरेंट का मालिक प्रह्लाद भूतड़ा, उसका मैनेजर सचिन काटकर, ब्लैक क्लब होटल का मैनेजर संदीप सांगले और उसका स्टाफ जयेश बोनकर और नितेश शेवानी शामिल हैं। इन सब पर नाबालिग आरोपी को शराब परोसने का आरोप है।

### 2 पुलिस अधिकारी भी सस्पेंड

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि यरवदा पुलिस स्टेशन के दो अधिकारियों को भी निलंबित किया गया है। 18-19 मई की रात जब कल्याणी नगर में यह हादसा हुआ था, तब इंस्पेक्टर जगदाले और ASI टोडकरी मौके पर पहुंचे थे। हालांकि दोनों ने घटना की जानकारी कंट्रोल रूम को नहीं दी थी। वे आरोपी को घटनास्थल से मेडिकल जांच के लिए भी नहीं ले गए थे।

# डॉ सक्का ने तैयार की टी-20 वर्ल्ड कप की सबसे छोटी सोने की ट्रॉफी, भेंट करेंगे विजेता टीम, सबसे अधिक रन व विकेट लेने वाले खिलाड़ी को





**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। भारत के हर क्रिकेट प्रेमी की दिली तमन्ना है एवं ख्वाहिश है कि वेस्टइंडीज व अमेरिका की मेजबानी में होने जा रहे 1 जून 2024से आईसीसी टी 20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के आयोजित में सुपर टीम के रूप में भारत जीत दर्ज कर टी-20 ट्रॉफी हासिल हो जिसे पुरा विश्व देखे और मेरे द्वारा निर्मित विश्व के सबसे हल्की वह छोटी सोने की तीनों ट्राफियां भारत में ही रहे। इसी सपने और जोश जुनून जज्बे के साथ उदयपुर के अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण शिल्पी 100 विश्व रिकॉर्ड होल्डर डॉक्टर इकबाल सक्का ने सोने की चार मिलीमीटर साइज की तीन विश्व कप टी-20 प्रतिरूप तैयार के हैं जिनका वजन 0.500 मिलीग्राम सोने के हैं। कलाकृतियों को बनाने में 7 दिन का समय लगा, जिसमें विकेट बाल स्टैंड स्पष्ट लेंस की मदद से देखे जा सकते हैं। क्रिकेट मैदान में सजी मीना युक्त वर्ल्ड कप को विजेता टीम के देश को और दूसरी ट्रॉफी सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी व तीसरी ट्रॉफी सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी को विश्व की सबसे छोटी ट्रॉफी भारत सरकार की तरफ से भेंट करना चाहते हैं इसके लिए डॉक्टर सक्का ने देश के प्रधानमंत्री व खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय क्रिकेट बोर्ड को पत्र लिखकर अवगत किया है ।

24 न्यूज अपटेड
देश-दुनिया राज्यों एवं स्थानीय खबरें को देखने के लिए
हिन्दी समाचार पत्र एवं न्यूज़ चैनल
ताजा खबरें देखने के लिए
हमारे यूट्यूब चैनल को सबस्क्राइब करें
YouTube
24 NEWS UPDATE
हमारे फेसबुक पेज को फॉलो करें
लिंक पर क्लिक करें और हमारे चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करें

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।